Publication	Rashtriya Sahara	Language	Hindi
Edition	New Delhi	Journalist	Bureau
Date	01/07/2023	Page no	10
CCM	16.02		

राज्य आपदा मोचन निधि के तहत 19 राज्यों को 6,194.40 करोड़ मंजूर

नई दिल्ली (एसएनबी)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) के तहत 19 राज्यों को 6,194.40 करोड़ रुपये जारी करने को शुक्रवार को मंजूरी दी।

आधिकारिक बयान के अनुसार, 6,194.40 करोड़ रुपये की राशि में 2022-23 के लिए चार राज्यों छत्तीसगढ़, मेघालय, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश को एसडीआरएफ के केन्द्रीय हिस्से के रूप में 1,209.60 करोड़ रुपये दिये जाएंगे। इसके अनुसार, 15 राज्यों आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, गोवा, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, केरल, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, ओडिशा, पंजाब, तमिलनाडु, त्रिपुरा को 2023-24 के लिए 4,984.80 करोड़ रुपये दिये जाएंगे। बयान के अनुसार, इस राशि का उपयोग राज्य मौजूदा मानसून के दौरान राहत उपायों के लिए कर सकेंगे। बयान में कहा गया है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने पहले ही 2023-24 के दौरान नौ राज्यों को एसडीआरएफ के केन्द्रीय हिस्से के रूप में 3649.40 करोड़ रुपये जारी करने की मंजूरी दे दी है।

****

Internal (for authorised circulation only)

Downloaded from SAMVAD